दिन– बुधवार	दिनांक– 09 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। 	अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये वक्फ अधिनियम को सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

02. उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक और दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक का विलय। एक मई से बिहार ग्रामीण बैंक के नाम से काम करेगा।

03. राज्य मंत्रिमंडल ने सत्ताईस हजार तीन सौ सत्तर नये पदों पर नियुक्ति को दी मंजूरी। स्वास्थ्य विभाग में सबसे अधिक बीस हजार पदों पर होगी बहाली।

04. और, मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, दरभंगा, वैशाली, सुपौल, किशनगंज और बांका समेत आस–पास के जिलों में बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद से वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संशोधित कानून से अब वक्फ की शुचिता संरक्षित रहेगी और वंचित वर्गों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा होगी।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने उल्लेख किया कि वर्ष दो हजार पच्चीस के शुरूआती सौ दिनों में सरकार ने न केवल महत्वपूर्ण फैसले किए बल्कि भविष्य की मजबूत नींव भी रखी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि अनेक वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

–––बाईट–––

---

अगले महीने मुम्बई में होने वाले वैश्विक ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स का उल्लेख करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ये आयोजन कर रही है।

–––बाईट–––

---

प्रदेश में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक और दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक का विलय हो गया है। इसका नया नाम अब बिहार ग्रामीण बैंक होगा। एक मई से बिहार ग्रामीण बैंक अपने नये स्वरूप में काम करने लगेगा। बैंक की इक्कीस सौ से ज्यादा शाखाएं होंगी। बैंक का प्रधान कार्यालय पटना में होगा। वित्तीय सेवा विभाग ने एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सिद्धांत पर छब्बीस क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय को अधिसूचित कर दिया है। यह क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय का चौथा चरण है। वित्त मंत्रालय ने पिछले वर्ष नवंबर में विलय की नई योजना शुरू की थी। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यकुशलता में सुधार और लागत को तर्कसंगत बनाना है। इस समय छब्बीस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में तैंतालीस क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक काम कर रहे हैं।

---

राज्य सरकार ने सत्ताईस हजार तीन सौ सत्तर नये पदों पर नियुक्ति का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में सबसे अधिक बीस हजार बावन पदों पर नियुक्ति होगी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग में दो हजार पांच सौ नब्बे और मद्य निषेध विभाग में अड़तालीस पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा सहायक उर्दू अनुवादक के तीन हजार तीन सौ छह पदों पर भी नियुक्ति की जाएगी। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने बिहार शिक्षा प्रशासन संवर्ग नियमावली–दो हजार पच्चीस को मंजूरी दी है। इसके तहत स्कूलों के निरीक्षण के लिए सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी और शिक्षा विकास पदाधिकारी के नये पदों का सृजन किया गया है।

———बाइट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने राज्य मंत्री और उप मंत्री के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी के निर्णय को भी मंजूरी प्रदानकी है। अब उन्हें पचास हजार रूपये की जगह पैंसठ हजार रूपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। इसके अलावा क्षेत्रीय भत्ता पचपन हजार रूपये से बढ़ाकर सत्तर हजार रूपये और दैनिक भत्ता तीन हजार रूपये से बढ़ाकर तीन हजार पांच सौ रूपये कर दिया गया है। एक अन्य फैसले में राज्य मंत्रिमंडल ने पब्लिक हेल्थ और हॉस्पिटल मैनेजमेंट कैडर गठित करने को स्वीकृति दी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताया। श्री पांडेय ने कहा कि मंत्रिमंडल ने तीन अलग अलग निदेशालय गठित करने की स्वीकृति भी प्रदान की है, जो लोक स्वास्थ्य निदेशालय, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के नाम से जाने जायेंगे।

———बाइट———

---

राज्य के विभिन्न भागों के मौसम में बदलाव हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पूर्णियां, सुपौल और शिवहर जिले में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दरभंगा में आज सुबह से ही मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, दरभंगा, वैशाली, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका समेत उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इस अवधि में उनतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

प्रदेश में अपार्टमेंट की जमीन का फ्लैटधारियों के नाम से दाखिल–खारिज, नामांतरण और जमाबंदी फिलहाल नहीं हो सकेगी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारी को ऐसी रजिस्ट्री पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि दाखिल–खारिज और रजिस्ट्री से जुड़ी कई शिकायतें मिलने के बाद कुछ समय के लिए यह रोक लगायी गयी है। सॉफ्टवेयर में बदलाव के बाद रजिस्ट्री की प्रक्रिया फिर से शुरू हो जायेगी।

---

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग–एनएचआरसी ने देशभर की जेलों में कैदियों के सामने आने वाली विभिन्न कठिनाइयों का स्वतः संज्ञान लिया है। इनमें जेलों में क्षमता से अधिक कैदी होना तथा बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव शामिल है। इस संबंध में आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए नोटिस भी जारी किया है। आयोग ने अपने बयान में कहा कि उसके विशेष निगरानीकर्ताओं और प्रतिवेदकों ने देश भर की विभिन्न जेलों का दौरा करने के बाद अपनी रिपोर्ट के माध्यम से इन मुद्दों को उसके संज्ञान में लाया है।

---

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड–सेबी ने वास्तविक समय में अपडेट प्रदान करने के लिए अपना आधिकारिक एक्स अकाउंट @SEBI_updates लॉन्च किया है।इस हैंडल के माध्यम से, सेबी विनियमन, आदेश, परिपत्र और प्रेस विज्ञप्ति से संबंधित अधिसूचनाएं पोस्ट करेगा, जो इसकी वेबसाइट www.sebi.gov.in पर भी उपलब्ध होगी।

---

और अब खबरें खेल की.....

खेलो अंडिया यूथ गैम्स दो हजार पच्चीस के लोगो, शुभंकर, मशाल, एंथम और जर्सी का लोकार्पण चौदह अप्रैल को पटना में किया जायेगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया को आमंत्रित किया गया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्र शंकरण और खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेन्द्र ने कल नई दिल्ली में खेल मंत्री को पत्र देकर औपचारित रूप से समारोह के लिए आमंत्रित किया। इन खेलों का आयोजन चार से पन्द्रह मई के बीच पटना, गया, राजगीर, भागलपुर और बेगूसराय में किया जायेगा।

---

ओडिसा के संभलपुर में आयोजित अठारहवीं सीनियर नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में पटना के वरूण यादव ने रजत पदक जीता है।

सीतामढ़ी के जानकी स्टेडियम में खेले जा रहे बीसीए पुरूष अंडर ट्वेंटी थ्री वन डे क्रिकेट ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाईनल में बेगूसराय ने कैमूर को छियासठ रन से हरा दिया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला कल पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में पटना और बेगूसराय के बीच खेला जायेगा।

पटना में खेली जा रही राष्ट्रीय रैंकिंग टेनिस प्रतियोगिता के बालक एकल अंडर फोर्टीन स्पर्धा में पटना के अविनाश राय और अथर्व आनंद ने अपने–अपने मुकाबले जीत कर क्वार्टर फाईनल में जगह बना ली है। इधर, अंडर ट्वेल्व बालिका और अंडर फोर्टीन बालिका प्रतियोगिता में राज्य की आठ खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाईनल में प्रवेश कर लिया है।

---

बांका जिले के कटोरिया थाना क्षेत्र के कलोथल जंगल में कल देर शाम पुलिस के साथ मुठभेड़ में ईनामी अपराधी रमेश टुडू उर्फ टेंटुआ मारा गया। पुलिस ने मौके से एक कार्बाइन बरामद की है। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने बताया कि मुठभेड़ में गम्भीर रूप से घायल अपराधी को इलाज के लिए कटोरिया रेफरल अस्पताल ले जाया गया था। जहां, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार कैबिनेट के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है– राज्य में सत्ताईस हजार तीन सौ सत्तर नये पदों पर होगी नियुक्ति।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– देशभर में लागू हो गया, वक्फ संशोधन कानून।

दैनिक भास्कर ने राज्यपाल के अधिकार पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को तरजीह देते हुये लिखा है– महामहिम की सीमा तय।

प्रभात खबर लिखता है– कैश कांड में आईएएस अधिकारी संजीव हंस की बढ़ गयी मुश्किलें, नये मुकदमों की तैयारी, बारह अफसर रडार पर।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने अमेरिका के चीन पर एक सौ चार प्रतिशत टैरिफ लगाये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये वक्फ अधिनियम को सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

02. उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक और दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक का विलय। एक मई से बिहार ग्रामीण बैंक के नाम से काम करेगा।

03. राज्य मंत्रिमंडल ने सत्ताईस हजार तीन सौ सत्तर नये पदों पर नियुक्ति को दी मंजूरी। स्वास्थ्य विभाग में सबसे अधिक बीस हजार पदों पर होगी बहाली।

04. और, मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, दरभंगा, वैशाली, सुपौल, किशनगंज और बांका समेत आस–पास के जिलों में बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।